# मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस 2025

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE)** ने **26 जून 2025** को **मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस (विश्व ड्रग दिवस)** की स्मृति में एक **राष्ट्रीय कार्यक्रम** का आयोजन किया।

- **परिचय:** यह दिवस वर्ष 1987 में **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा एक **नशा-मुक्त विश्व** के लिये वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से घोषित किया गया था।
    - वर्ष 2025 की थीम "**ब्रेक द साइकल #स्टॉप ऑर्गेनाइज़्ड क्राइम**" संगठित मादक पदार्थों के नेटवर्क के विरुद्ध दीर्घकालिक और लक्षित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल देती है।
- **मादक पदार्थों का दुरुपयोग:** **ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC)** के अनुसार, वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर **292 मिलियन** लोगों ने मादक पदार्थों का सेवन किया, जो पिछले एक दशक में 20% की वृद्धि को दर्शाता है और बढ़ती वैश्विक चिंता को उजागर करता है।
- UNODC, जिसकी स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी, **मादक पदार्थों पर नियंत्रण, अपराध और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद** से संबंधित मुद्दों से निपटता है तथा प्रत्येक वर्ष 26 जून को **विश्व ड्रग रिपोर्ट** प्रकाशित करता है।
- **मादक पदार्थों से प्रभावित क्षेत्र: ट्रिपल फ्रंटियर क्षेत्र** (अर्जेंटीना, ब्राज़ील और पैराग्वे), **गोल्डन क्रिसेंट** (ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान) तथा **गोल्डन ट्राइंगल** (लाओस, म्यांमार व थाईलैंड)।




- **सामान्य ड्रग्स:** **कैनबिस** सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला मादक पदार्थ है, इसके बाद **ओपिओइड**, **एम्फेटामिन्स**, **कोकीन** और **एक्स्टेसी** का स्थान आता है।
    - **कैनबिस** को **कनाडा**, **उरुग्वे** और **संयुक्त राज्य अमेरिका के 27 क्षेत्रों** में कानूनी मान्यता प्राप्त है। इसके **मनोवैज्ञानिक प्रभाव** मुख्य रूप से **THC (*delta-9-tetrahydrocannabinol*)** के कारण होते हैं।
- **भारत में मादक पदार्थों का नियंत्रण: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE) मादक पदार्थों की माँग में कमी, रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियानों** के लिये नोडल एजेंसी है।
    - **नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA)** भारत का प्रमुख मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान है, जो सभी ज़िलों में सक्रिय है और NMBA ऐप के माध्यम से अभियान की गतिविधियों की वास्तविक समय की निगरानी करता है।
    - **NIDAAN** और **NCORD पोर्टल्स** ऐसे **डिजिटल प्लेटफॉर्म** हैं, जिनमें **मादक पदार्थों से जुड़े अपराधियों का विस्तृत डेटा** संग्रहित किया जाता है।

**और पढ़ें:** **युवाओं में मादक पदार्थों का बढ़ता दुरुपयोग**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-day-against-drug-abuse-and-illicit-trafficking-2025